49वाँ अंतरराष्ट्रीय खजुराहो नृत्य समारोह-2023 का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

20 फरवरी, 2023 को विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खजुराहो में खजुराहो के सांसद तथा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने सात दिवसीय 49वें खजुराहो नृत्य समारोह-2023 का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 49वाँ खजुराहो नृत्य महोत्सव पश्चिमी मंदिर समूह परिसर के अंदर चंदेलकालीन कंदारिया महादेव मंदिर तथा देवी जगदंबा मंदिर के मध्य विशाल मुक्ताकाशी मंच पर 26 फरवरी तक चलेगा।
- गौरतलब है कि मध्य प्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद्, भोपाल के माध्यम से विश्व धरोहर पर्यटन नगरी खजुराहो में प्रतिवर्ष खजुराहो नृत्य समारोह का आयोजन किया जाता है।
- भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों पर केंद्रित यह देश का शीर्षस्थ समारोह है जो राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त है। इस समारोह में देश एवं विश्व के विख्यात कलाकार अपनी नृत्य प्रस्तुतियाँ देते हैं।
- खजुराहो नृत्य महोत्सव की शुरुआत वर्ष 1975 में की गई थी और तब से आज तक मध्य प्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के अंतर्गत उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी द्वारा इसका सफल आयोजन निरंतर किया जाता रहा है। तब से लेकर आज तक यह नृत्य समारोह खजुराहो के सुप्रसिद्ध मंदिरों के प्रांगण में आयोजित होता आ रहा है।
- खजुराहो नृत्य समारोह में अब तक भारत की सभी प्रमुख शास्त्रीय नृत्य शैलियों जैसे भरतनाट्यम, ओडीसी, कथक, मोहिनीअटेम, कुचिपुड़ी, कथकली, यक्षगान, मणिपुरी आदि के युवा और वरिष्ठ कलाकार अपनी कला की आभा बिखेर चुके हैं।
- समारोह के माध्यम से नृत्य में शास्त्रीयता की गरिमा बनाए रखने के साथ नवाचार करने का प्रयास किया जाता रहा है।
- समारोह के शुभारंभ पर सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने 10 कलाकारों को मध्य प्रदेश राज्य रुपंकर कला पुरस्कार 2023 भी प्रदान किये।
  - राज्य रूपंकर कला पुरस्कारों में वर्ष 2022-23 के लिये देवकृष्ण जटाशंकर जोशी पुरस्कार जबलपुर के अमित कुमार सिन्हा को कलाकृति 'द शाइनिंग मेकर' के लिये,
  - मुकुंद सखाराम भांड पुरस्कार भोपाल की सुश्री समीक्षा राठौर को 'शीर्षक विहीन' के लिये,
  - सैयद हैदर रजा पुरस्कार भोपाल के पॉपिल मन्ना को 'डेप्थ ऑफ फेयरनेशन' के लिये,
  - दत्तात्रेय दामोदर देवलालीकर पुरस्कार धार के प्रेम कुमार सिंह को 'अनटाइटल 1' के लिये,
  - जगदीश स्वामीनाथन पुरस्कार भोपाल के मान सिंह व्याम को 'जिंदगी एक सफर' के लिये,
  - विष्णु चिंचालकर पुरस्कार इंदौर के उपेंद्र उपाध्याय को 'सेमल की बहार' के लिये,
  - नारायण श्रीधर बेंद्रे पुरस्कार ग्वालियर के ओमप्रकाश माहौर को 'रंगों का बचपन'के लिये,
  - रघुनाथ कृष्णराव फड़के पुरस्कार भोपाल के गिरीश बा. उरकुड़े को 'अनटाइटल 2' के लिये,
  - राममनोहर सिन्हा पुरस्कार भोपाल की सुश्री शिवानी दुबे को 'हिस्टोरीसिटी 6' के लिये
  - लक्ष्मीशंकर राजपूत पुरस्कार जबलपुर की सुश्री अंजलि राऊत को 'प्रिंटेड क्वीन 1' के लिये प्रदान किया गया।
- इन कलाकारों को 51 हज़ार रुपए की सम्मान निधि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये गए। सभी कलाकारों की पुरस्कृत कृतियाँ राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी में लगेगी।